Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 19.11.2021 अंक 59

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## कांको के दूधी नदी बनी पुल क्षतिग्रस्त, हो सकती है बड़ी दुर्घटना,

### ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिशीघ्र क्षतिग्रस्त पुल को ठीक कराने की किया मांग

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**




क्षतिग्रस्त पुल

चंदवारा प्रखंड के काँको पंचायत अंतर्गत ग्राम गरायंडीह व गवनपुर के बीच अवस्थित दूधी नदी पर बनी गोसाईं नाला पुल खतरे की घंटी बजा रही है। पुल का बुनियाद उखड़ कर पानी मे बह जाने के कारण पूल के पीलर के नीचे का हिस्सा काफी जर्जर हो गया है। जिससे पुल के धंसने की संभावना है। चूंकि उक्त पूल से रोजाना हजारों राहगीरों का आना-जाना होता है। ऐसे में अगर पूल धंसता है तो लोगों की जान-माल की भारी नुकसान हो सकती है। ज्ञात हो कि गोसाईं नाला पुल तिलैया डैम और झुम. रीतिलैया को जोड़ती है। जससे गरायन्डीह, गवनपुर, बाजपुर, पिंडारो, काँको, जोलह करमा, बेलखारा, मंझगावां , ढोलकियाडीह, बड़किधमराय, छोटकी धमराय, कांटी, चरकी पहरी, सिंगारडीह सहित पचास से अधिक गांव के लोग आवागमन करते हैं। ग्रामीण रामानंद भारती, शत्रुघ्न भारती, सचिन भारती, अनंदकान्त भारती, नरेश भारती, मुकेश भारती, शीतलदेव गिरी, उदय गिरी, हीरालाल गिरी , रामेश्वर गिरी, बसंत गिरी इत्यादि ने बताया कि स्थानीय प्रति. निधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। लेकिन अब तक किसी का ध्यान इस ओर नही गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिशीघ्र क्षतिग्रस्त पुल को ठीक कराने की मांग की है।

## साहू धर्मशाला निर्माण को लेकर किया गया भूमिपूजन, कई लोग हुए शामिल

### धर्मशाला निर्माण होने से सभी लोगो को होगी सहूलियत : तापेश्वर प्रसाद



भुमिपूजन मे शामिल समाजसेवी व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरहीडीह में साहू समाज सहित अन्य समाज के सहयोग से साहू धर्मशाला का निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन का कार्य पंडित मनोज शर्मा ने किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। मौके पर मौजूद साहू समाज के तपेश्वर प्रसाद ने कहा कि साहू धर्मशाला बन जाने से साहू समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। धर्मशाला बन जाने से बैठक, शादी विवाह में सहूलियत होगी। गरीब लोगों को इससे काफी सुविधा मिल पाएगी। भूमिपूजन कार्यकम में पहुंचे समाजसेवी कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि किसी भी समाज का धर्मशाला हो, उसे बनाने में हर लोगों को सहयोग करनी चाहिए। मौके पर मौजूद सभी लोगों ने धर्मशाला निर्माण में सहयोग करने की बात कही। भूमिपूजन कार्यक्रम में संजय साव, गुलाब साव, कपिल प्रसाद केशरी, ता. पेश्वर प्रसाद, मनोज साव, राजू साव, दिलीप गुप्ता, नकुल राणा, भुनेश्वर साव, राजकुमार, पंकज कुमार, दीपेश कुमार, मनोज केशरी, विशाल कुमार, रामचन्द्र साव, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी ने निकाली पद यात्रा, केंद्र की नीतियों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

### बढ़ती महंगाई से आम जनता है परेशान, मोदी सरकार को नहीं है चिंता : अवधेश

**अपेम लाइव : बरही**



पदयात्रा में शामिल विधायक



सभा को संबोधित करते बिनोद यादव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म शताब्दी के अवसर पर महंगाई के खिलाफ देशव्यापी जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत बरही कांग्रेस कमेटी की ओर से बढ़ती महंगाई के खिलाफ पद यात्रा निकालते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की गई साथी केंद्र की नीति के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई पदयात्रा कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर हजारीबाग रोड पटना रोड गया रोड धनबाद रोड होकर पुणे बरही चौक पहुंची जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया इस सभा में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों को काफी सता रही है की उनका जीना मुहाल हो गया है महंगाई इतनी बढ़ गई है की एक गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार का जीना दुश्वार हो गया है। दिन प्रतिदिन बढ़ रही महंगाई के कारण आम आदमी की आय ज्यादा खर्च उठाना पड़ रहा है। जिला महासचिव बिनोद कुमार यादव ने कहा कि सरकार गरीबो का शोषक एवम अमीर कारपोरेट घराने संरक्षक बनी हुई है। लेकिन कांग्रेस पार्टी उनकी मोनोपोली अब नही चलने देगी। एलपीजी गैस में चुपके से सब्सिडी हटा दी। उज्ज्वला योजना के तहत गैस तो दे दिया गया। लेकिन अब गैस इतना महंगा हो गया है कि लाभुक गैस ही भरवा नही पा रहे है। मौके पर पद यात्रा में जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला महासचिव सह विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुदीन अंसारी, जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, रघु यादव, बिनोद सिंह, छठु गोप, विजैया प्रधान दसरथ यादव, कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ प्रखण्ड अध्यक्ष अमित जायसवाल, कांग्रेस जिला ओबीसी सचिव दीपक गुप्ता, मनोहर यादव, दिनेश यादव, तोखन रविदास, मो वारिस अंसारी, सुनील चंद्रवंशी, यमुना यादव, कुणाल कतरियार, पप्पू असलम, कांग्रेस विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, रघुवीर यादव आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवी के माँ के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुँचे अरुण साहू



श्रद्धांजली अर्पित करते अरूण साहु

**अपेम लाइव : बरही**

बरही के युवा काँग्रेसी नेता अरुण कुमार साहू ने हज़ारीबाग़ निवासी जिला साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी बिहारी प्रसाद के माता के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुँचे। जहाँ पहुँचकर उन्होंने मृतक की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा के शांति प्रदान के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, श्रीनगर 4 रनों से जीतकर बना टुर्नामेंट विजेता

**अपेम लाइव : बरही**



विजेता टीम को ट्रॉफी देते समाजसेवी किशुन यादव

बरही प्रखंड अतंर्गत श्रीनगर में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन फाइनल मुक. ाबले के साथ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बरही पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी किशुन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्हें आयोजको द्वारा माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। फाइनल मुक. ाबला चलंगा और श्रीनगर के बीच खेला गया, जिसमें चलंगा की टीम टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। श्रीनगर की बैटिंग करते हुऐ 10 ओवर में 5 विकेट खो कर 124 रन बनाए। वही चलंगा की 10 ओवर में 7 विकेट खो 120 रन ही बना पाई। श्रीनगर की टीम 4 रनों से जीतकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। मुख्य अतिथि किशन यादव द्वारा विजेता टीम श्रीनगर को सील्ड वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, दिनेश यादव, पप्पू यादव, इंद्रदेव यादव, प्रवीण यादव, अभिमन्यु यादव, कृष्णा यादव, रूपेश, रवि, सचिन, हर्ष प्यारेलाल, शिवम, विजय, अरुण आदि मौजूद थे।

## मसोमात लखिया के एकदशा में की गई शोक सभा आयोजित

**अपेम लाइव : बरही**



शोक सभा मे शामिल लोग

शुक्रवार को मलकोको स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको के प्रधानाचार्य गुलाब दास की चाची मसोमात लखिया के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। एकदशा के दिन श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया एवं आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने बारी–बारी से पुष्प अर्पित किए। ज्ञात हो कि मसोमात लाखिया का दे. हांत 08 नवंबर को हुआ था। इस कार्यक्रम में बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम अंसारी, मलकोको मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार यादव, जिला परिषद प्रत्यासी किसुन यादव, समाजसेवी अनुज यादव, भीम आर्मी भारत एकता मिशन बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सूरज दास, मलकोको पंचायत के भावी मुखिया प्रत्यासी शिवशंकर प्रसाद, रंजीत यादव,अरबिंद कुमार, सूरज दास, समा. जसेवी छतरु यादव, मुकेश कुमार, सहदेव राणा, नागेश्वर रविदास, शिक्षक शंकर दास, लक्ष्मण दास, गुलाब कु दास, डॉ राजू राणा सहित परिवार के समस्त महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## मेहताब आलम के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों के समस्याओं का समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल जिला कल्याण पदाधिकारी से किया मुलाकात

### ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राज्य महासचिव गुलाम यजदानी ने आगामी चुनाव के लिए मो मेहताब को दी शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बरही**



हजारीबाग प्रवास के क्रम में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राज्य महासचिव गुलाम यजदानी ने बरही पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी मेहताब आलम को बुके देकर सम्मा. नित किया एवं बरही पूर्वी जिला परिषद के भावी प्रत्याशी के रूप में उनका स्वागत किया। मो मेहताब ने बताया कि उन्होंने आने वाले चुनाव में मैं भारी बहुमत से जीत हासिल करने के लिए आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। मो मेहताब ने मौके पर कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा। क्षेत्र के विकास को लेकर एवं अल्पसंख्यकों के विकास को लेकर मो मेहताब ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद के साथ एक भें. टवार्ता भी की जिसमें अल्पसंख्यकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री अहमद ने आश्वासन दिया कि यथासंभव अल्पसंख्यकों के समस्याओं का मेरे स्तर से दूर करने का प्रयास किया जाएगा । इसके लिए प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रति. निधिमंडल में मोहम्मद आफताब आलम, अधिवक्ता अमीन उल हक आदि शामिल थे।

## लाखो का खर्च करके पीएचडी द्वारा लगाए गए जलमीनार का स्थिति कुछ ही दिनो मे हुई दयनीय

**अपेम लाइव : चौपारण**
**धीरज प्रजापती**



खराब पडा जलमीनार

चौपारण प्रखंड के लगभग सभी पंचायत मे पानी की समस्या को समाप्त करने के लिए पीएचडी के द्वारा जलमीनार लगाया गया। जलमीनार को लगाने में पीएचडी के द्वारा लाखो का खर्च किया गया। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र मे एक कहावत काफी मसहुर है कि अपना काम बनता, भाड मे जाए जनता। इसी कहावत को पीएचडी या जलमीनार लगाने वाले ठिकेदार के द्वारा किया गया है। ठिकेदार जैसे–तैसे अपना काम करके अपना पैसा निकलवा लेते है। पैसा लेने के बाद किसी को कोई फर्क नही पड़ता कि विभाग द्वारा लगाए गए जलमीनार बंद है, या फिर इसका उपयोग वहाँ के लोगो के द्वारा किया जा रहा है, । उपयुक्त बात इसलिए कह रहे है क्योकि चौपारण प्रखंड के मानगढ़ पंचायत अंतर्गत ढुठ्ठी गाँव मे जो जलमीनार लगाया गया था। वो महज कुछ ही महीनो में खराब हो गया। आज उस जगह पर जलमीनार खराब होने के वजह से बकरी बांधने का काम वहाँ के लोगो द्वारा किया जा रहा है। जब उनसे जलमीनार के संबंध मे पुछा गया तो वहा के ग्रामीण बताए कि यह जलमीनार काफी समय से खराब पड़ा है इसका शिकायत बहुत लोगो से किए उसके बावजुद भी जलमीनार को नही बनाया गया। इस जलमीनार के लगाए जाने से पानी की समस्या से यहाँ की ग्रामीण निजात पाए थे। लेकिन दुर्भाग्य से यह समस्या फिर से उनके पास आ खड़ा हुआ।

## करियावां में कोरटेवा एग्रीसाइंस ने मनाया फसल कटाई दिवस, बेहतर उपज से खुश दिखे किसान

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



करियावां में फसल कटाई दिवस मनाते किसान

प्रखंड के करियावां में विश्व की अग्रणी बीज कंपनी कोरटेवा एग्रीसाइंस (पायोनियर) ने फसल कटाई दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में करियावां सहित अन्य गांवों के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पायोनियर संकर धान 27 पी 37 की तुलना अन्य धान से किया गया। दोनों धान को बराबर 25 वर्गम. ीटर काटा गया। जिसमें पायोनियर 27 पी 37 धान सात क्विंटल से विजयी हुआ। मौके पर कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी निरंजन कुमार यादव ने बताया कि पायोनियर 27 पी 37 धान एक उन्नत प्रकार के धान है। जिसकी बाली लंबी और वजनदार होती है। जो किसी अन्य धान की तुलना में अधिक उपज और लाभ देती है। उन्होंने बताया कि ये धान एक और दो नम्बर की जमीन में लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि पायोनियर कंपनी हमेशा किसानों की उपज बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहती है और हमेशा नए हाइब्रिड बीज और नई तकनीक के साथ किसानों के बीच हमेशा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि पायोनियर संकर धान 27पी37 एक उन्नत संकर धान बीज है जो किसानों की उपज बढ़ाने में सक्षम है तथा यह मौसम की विपरीत परिथितियो में भी किसानों को अच्छी उपज देती है। मौके पर भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

## मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



गिरफ्तार किए गये मोबाइल चोर

मोबाइल दुकान में चोरी के आरोप में तिलैया डैम ओपी पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों को कर भेजा जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में रवि चौहान पिता स्व प्रेम चौहान, उमेश राय उर्फ छोटू पिता गणेश राय, अनिल सिंह पिता स्व जगदीश सिंह सभी तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के ग्राम बड़की धमराय ऊपर मोड़ निवासी हैं। ज्ञात हो कि 13 सितंबर 2021 को बड़की धमराय स्थित आरके मोबाइल श०प चोरी की घटना को लेकर दुकान के मालिक चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां निवासी रोहित कुमार पिता महेन्द्र वर्णवाल ने तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने अपने आवेदन में कहा था कि हर दिन की भांति वो दुकान बंद करके घर गया था। दूसरे दिन दुकान खोलने के समय देखा कि एलबेस्टर टूटा हुआ है और दुकान से दस एंड्रॉइड मोबाइल के अलावे तीन अन्य मोबाइल गायब था। जिसका कीमत डेढ़ लाख है। उन्होंने अज्ञात लोगों पर मोबाईल चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद तिलैया डैम ओपी प्रभारी मदन मुंडा ने जांच पड़ताल शुरू कर टेक्निकल सेल की मदद से मोबाईल ट्रैक किया। जिनके सहयोग से इन तीनों लोगो को गिरफ्तार किया गया।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# माँ काली मंदिर निर्माण को ले भूमि पूजन, 40 लाख लागत से बनेगी काली माँ की मन्दिर



मंदिर निर्माण समिति के लोग

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा माँ काली मंदिर का नव निर्माण को लेकर बरकट्ठा बाजार टांड़ स्थित श्री काली मंदिर परिसर में भूमि पूजन व ध्वजारोहण स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया गया ज्ञात हो मन्दिर की जीर्ण शीर्ण अवस्था को देखते हुए मन्दिर निर्माण को लेकर बरकट्ठा के ग्रामवासियों की आपात बैठक पिछले माह काली मंदिर परिसर में की गई थी इसी के निमित आज भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया उपस्थित ग्रामीणों ने एकमत से मन्दिर के पुनर्निर्माण की जोरदार अभियान चलाया व आपसी सहयोग की सहमति बनी है मन्दिर निर्माण में लगभग 40 लाख रुपए की लागत आएगी जिसे आपसी सहयोग व दान से पूरा किया जाएगा चर्चा की जिसमे आम सहमति के आधार पर श्री काली मंदिर निर्माण समिति बनाई गयी है भूमि पूजन के अवसर पर अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मोनू




मंडल, मुकेश मंडल बिट्टू मोदी कमलेश गुप्ता, रामखेलावन यादव, संजय यादव, उमेंश कसेरा, गोपी प्रसाद, राहुल गुप्ता अखिलेश कुमार, सुनील मोदी मथुरा सोनी, पप्पू सोनी, विनोद कुमार साव, सुरेश यादव, पंकज कुमार, संजीत कुमार, बिट्टू मोदी,,रामजी मंडल, मुकेश मंडल, मोनू मंडल, सुजीत विश्वकर्मा, पुजारी आनन्द पांडेय, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

# ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन द्वारा मानसिक योग्यता परीक्षा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन कलहाबाद के संचालक केदार प्रसाद (आईआईटियन), सह संचालक संजय प्रसाद के द्वारा मानसिक योग्यता परीक्षण परीक्षा का आयोजन गुरुवार को नव प्राथमिक विद्यालय कलहाबाद में किया गया ,जिसमें 50 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।संच. ालक केदार प्रसाद ने बताया की गरीब परिवार के मेधावी छात्र/छात्राओं के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें अवसर प्रदान करना इस फाउंडेशन का उद्देश्य है। जिसके तहत मेधावी छात्रों को निःशुल्क अत्याधुनिक सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । मेधावी छात्रों को



नवोदय , इन्दिरागांधी ,सैनिक, नेतरहाट आदि विद्यालयों में नामांकन हेतु निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी ।फाउंडेशन को सम्पूर्ण सहयोग करने हेतु मध्य विद्यालय कलहाबाद के प्रधानाध्यापक शशि भूषण प्रसाद ने आश्वस्त किया । मौके पर उपस्थित शिक्षक रामचंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, अमित राम, लालमणि प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, बुद्धि प्रकाश प्रसाद, रमेश चौधरी ,अनिल कुमार आजाद ,अर्जुन प्रसाद ,राजू तुरी, मनोज प्रजा. पति ,कुमारी ज्योति भारती समेत अभिभावकों ने इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए हरेक प्रकार के सहयोग का भरोसा दिया।

## आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः--20.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---मार्गशीर्ष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---प्रतिपदा तिथि दिन 03:21 मिनट तक उपरांत द्वितीया तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---रोहिणी नक्षत्र
योगः---शिव
करणः---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:39
सूर्यास्त : संध्या 05:21
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज बजरंग बली को चमेली के तेल में सिंदूर खलकर लगाने से शानिजन पीड़ा से राहत मिलता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660






# पूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव के पुण्य तिथि पर पहुंचेंगे बाबूलाल मरांडी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चितरंजन यादव की 12वीं पुण्य तिथि सह प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम 22 नवंबर सोमवार को पैतृक आवास ग्राम चटकरी में किया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा लोकसभा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी होंगे।इस आशय की जानकारी स्व चितरंजन यादव के पुत्र विधायक अमित कुमार यादव ने दी उन्होंने कहा केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक



दल के नेता बाबूलाल मरांडी का स्वागत चटकरी मोड़ में 22 नवंबर सुबह 10:30 बजे किया जायेगा स ततपश्चात पुण्यतिथि व प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे कार्यक्रम में कोडरमा हजारीबाग व गिरिडीह जिले के कई बड़े नेता कार्यकर्ता व सामाजिक कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य ग्रामीण शामिल होंगे

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सलैया मुखिया ने महिलाओं के बीच मुफ्त गैस सिलेन्डर चुल्हा का वितरण किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



गैस चुल्हा वितरण करते सलैया मुखिया

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र ग्राम बरवां संतोषी महिला मंडल जनवितरण प्रणाली की दुकान में सलैया मुखिया गोपाल प्रसाद के द्वारा उज्जवला योजना के तहत राशन कार्डधारीयों के बीच गैस सिलेन्डर, चुल्हा,रेगुलेटर सहीत मुफ्त वितरण किया गया, गैस कनेक्शन वितरण के मौके पर मुखिया गोपाल प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के द्वारा गरीब परिवारों को मुफ्त में गैस सिलेन्डर चुल्हा देकर बडी जनकल्याण किया है, इस योजना के मिलने से ग्रामीणों में उत्साह देखी जा रही है मौके पर कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव वार्ड सदस्य जीबलाल दास , प्रसाद, गोरहर उगेश्वर ग्रामीण वितरक के प्रकाश पा. इंडियन सवान, समीम अंसारी, राजु प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल थे ।

## चलकुशा में जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव :चलकुसा**

**विक्रम सिंह**



कार्यक्रम मे उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता

प्रखंड मुख्यालय के समीप कांग्रेस के द्वारा एक दिसवसिय जनजागरण कार्यक्रमका आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश के निर्देशानुसार पद यात्रा भी निकाला गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता चलकुशा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो0 मोइन उदीन के अध्यक्षता में हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति कांग्रेस प्रदेश महासचिव ओबीसी विभाग डॉ प्रकाश कुमार, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष बब्लू कुमार कुशवाहा, जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री नारायण प्रसाद, डॉ प्रकाश कुमार शामिल हुए। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि केन्द्र की बीजेपी सरकार अंग्रेजों के तरह फुट डालो और शासन करो कि नीति पर चल रही है। भाजपा के गलत नीतियों से महंगाई चरम पर है। श्री बब्लू कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के आंदोलन के समक्ष झुकीं है लेकिन भरम की इस्थिति बनी हुई है, चल. कुश प्रखंड अध्यक्ष मोइन उदीन ने कहा कि कांग्रेस विभाजन कारी शक्तियों से लड़ रही है। जनजागरण अभियान प्रखंड मुख्यालय से प्ररम्भ होकर चलकुशा चांदनी चौक तथा बिभिन्न पंचायत में भर्मण किया । राजू यादव, तफजूल हुसैन, मो0 सिकंदर अली, खालिद खान, अरुण चौधरी , अब्बास अंसारी, दशरथ दास, मुंशी अंसारी, बबू जान अंसारी, सूरज, मुन्ना पा. सवान , सुखदेव कुमार यादव, संजय चौधरी एवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




## दो बच्चे के साथ माँ गायब, पति ने थाना में आवेदन दे कर खोजबीन की लगाई गुहार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवॉ से एक महिला व उसके दो बच्चों के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बरवॉ निवासी मितलाल राणा ने विगत 17 दिनों से गायब हुए अपनी पत्नी व दो बच्चों को लेकर थाना में आवेदन दिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि मैं मित्र लाल राणा पिता रुपी राणा ग्राम बरवां निवासी हूं ।मैं मजदूरी हेतु मुंबई गया था। मुझे पता चला कि मेरी पत्नी संजू देवी उम्र 35 वर्ष लड़की राधिका कुमारी उम्र 13 वर्ष तथा लड़का विवेक राणा 11 वर्ष लापता है ।मैंने फोन से अपने रिश्तेदारों से पता लगाया तो इस संबंध में कहीं पता नहीं चला तथा पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। मैं 15 तारीख को मुंबई से अपने घर लौटा हूं ।अतः मामले की तहकीकात कर पुलिस खोजने में हमारी मदद करें। इस संबंध में थाना प्रभारी बरकट्ठा विक्रम कुमार ने बताया कि मामले को दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस गुमशुदा लोगों की तलाश में जुट गई है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बेहतर कार्य करने वाले मुखिया हुए सम्मानित

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



मुखिया प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा को सम्मानित करते

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत बरहमसिया पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में बेहतर कार्य करने वाले मुखिया प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा को प्रखंड विकास पदाधिकारी,बिरनी सुनील कुमार वर्मा प्रमुख सुलोचना देवी तथा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र ,माला तथा श०ल देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि मुखिया कुशवाहा को प्रधानमंत्री आवास के लक्ष्य को पूरा करते हुए बेहतर तरीके से आवास बनाने के कारण सम्मानित किया गया ।

क्या कहते हैं मुखिया– मुखिया कुशवाहा ने कहा कि – मेहनत करने वालों की ,कभी हार नहीं होती हमने प्रधानमंत्री आवास योजना समेत पंचायत में संचालित सभी योजनाओं को दिन–रात मेहनत कर क्रियान्वयन किए । ष्योग्य लाभुक छुटे नहींष को लेकर मिशन मोड में कार्य किए ।नतीजा यह है कि हमें प्रखंड प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया । इधर गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत तमाम पंचायत वासियों को मुखिया जी को सम्मानित किए जाने की सूचना मिलते ही लोग मुखिया जी के आवास पर मिलने के लिए काफी संख्या में पहुंचे तथा गुलदस्ता भेंट कर खुशी जाहिर किए। साथ ही लव–कुश जागृति संघ के उपाध्यक्ष देवनारायण शर्मा द्वारा मुखिया श्री कुशवाहा को स०ल देकर सम्मानित किया गया गया ।तथा सभी ने मुखिया जी के कार्य की सराहना की तथा सभी ने एक स्वर में कहा कि– बरहमसिया पंचायत की जनता ने ठाना है,अपने पंचायत को म०डल पंचायत बनाना है द्य तो प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा को फिर से मुखिया बनाना है । उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से लव कुश जागृति मंच के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष देवनारायण शर्मा कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद वर्मा सदस्य अशोक कुमार वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, हेमलाल प्रसाद वर्मा, त्रिवेणी प्रसाद वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, अशोक वर्मा, बालेश्वर साव शिव कुमार बिहारी, नागेश्वर प्रसाद, टीपन महतो, सुधीर रंजन समेत कई लोग उपस्थित रहे ।

## कान्हाचट्टी के सायल में कब्रिस्तान के बाउंड्री में घटिया चिमनी के जगह पर बंगला ईंट का हो रहा है प्रयोग

### लगभग बाइस लाख प्रये की लागत से कल्याण विभाग से बनाया जा रहा है बाउंड्री पन्द्रह एक के मशाल से हो रहा है जोड़ाई

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




निर्माणाधीन कब्रिस्तान की बाउंड्री

राज्य सरकार विकास के नाम पर भले ही लाखो करोड़ो खर्च कर रही है कि विकास का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो लेकिन संवेदक और जिस विभाग से कार्य होता है उस विभाग के अभियंताओं के मिली भगत से कार्य और विकास के नाम पर लूट मचा रखे हैं ।विकास के नाम पर लूट मचा हुआ है। ऐसा ही लूट का मामला कान्हाचट्टी के सायल गांव में कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे क़ब्रिस्तान के बाउंड्री कार्य से आया है ।जिसमे संवेदक और विभाग के अभियंताओं की मिली भगत से घटिया ईंट लगाया जा रहा है ।इतना ही नहीं जो चहार दिवारी बनाया जा रहा है उस जोड़ाई में सीमेंट पन्द्रह एक से मशाला बनाया जा रहा है।

बिना कनीय अभियंता के देख रेख में हो रहा है कार्य ऊक्त चहारदीवारी का कार्य बिना कोई जे ई ए ई के देख रेख में कराया जा रहा है केवल संवेदक के द्वारा मनमानी तरीके से कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है ।बताते चलें कि जिस भी योजना का कार्य होता है उसके लिए एक कनीय अभियंता की देखरेख में कार्य कराया जाने का प्रावधान है ।लेकिन कार्य स्थल में जे ई केवल ले आउट करने पँहुचे उसके बाद कार्य की सारा देख रेख संवेदक को सौप दिया गया।

क्या है प्रावधान – प्रावधान के अनुशार कल्याण विभाग से बनाए जा रहे चहारद. ीवारी निर्माण कार्य मे चिमनी इंटा लगाने का प्रावधान है लेकिन संवेदके और विभाग की लापरवाही के कारण और विभाग के अनदेखी के कारण केवल बाउंड्री निर्माण कार्य मे बंगला इंटा लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने जांच की किया है मांग – कुछ ग्रामीणों के लोगो का कहना है कि जिस कार्य मे चिमनी इंटा लगाना है उसमें बंगला इंटा का प्रयोग किया जा रहा है ।बंगला इंटा लगाने के कारण बाउंड्री का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है, इसकी जांच कर बाउंड्री कार्य मे बंगला इंटा के जगह पर चिमनी इंटा लग. वाने की मांग किये है।

## चतरा पुलिस को नक्सलियो के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

### चतरा में पुलिस ने 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियारों का जखीरा हुआ बरामद

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



गिरफ्तार नक्सलियों के साथ पुलिस पदाधिकारी

पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने हथियारों के जखीरे के साथ संगठन के 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से एक स्टेनगन, एक एसएलआर, एक रेगुलर रायफल, एक सेमी और एक दो नाली पिस्टल समेत भारी मात्रा में कारतूस, मोबाइल और नक्सली पर्चा बरामद किया है। एस पी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, सीआरपीएफ 22 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी ब्रजेश कुमार और सहायक कमांडेंट दुर्गेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने बिहार में आतंक का पर्याय बन चुका पूर्व सब जोनल कमांडर रामराज उर्फ नायक समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों की गिरफ्तारी सिमरिया थाना क्षेत्र के टूटकी जंगल इलाके से हुई है. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से सुरक्षाबलों ने एक एम 01 गेंड रायफल, एक 7.62 एमएम का एसएलआर रायफल, एक 9 एमएम अमेरिकन स्ट. ेनगन, एक देसी भराठी बंदूक, एक दो नाली सिंगल श०ट देसी कट्टा, एसएलआर का 61 राउंड कारतूस, 9 एमएम का 38 जिंदा राउंड कारतूस, 3.15 बोर का 5 जिंदा गोली और स्टेनगन 9 एमएम का मैगजीन बरामद किया है. एसपी राकेश रंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि बिहार का दुर्दांत नक्सली अपने दस्ते के साथ सिमरिया थाना क्षेत्र के टूटकी जंगल में बड़ी घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने के फिराक में है. दस्ते में शामिल नक्सली हथियार के बल पर लोगों में भय पैदा कर लेवी लेने की भी योजना बना। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सब जोनल कमांडर रामराज वर्ष 1997 से 2010 तक बिहार के अलग–अलग जिलों में काम कर रहा था. इस दौरान उसने अपने दस्ते के साथ कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था. इसके बाद वर्ष 2015 से टीएसपीसी संगठन के सब जोनल कमांडर अविनाश उर्फ विकास के जेल जाने के बाद वह चतरा, हजारीबाग और पलामू जिले में लेवी और रंगदारी वसूली के उद्देश्य से भ्रमणशील था. वहीं पुलिस कप्तान ने बताया कि इस ऑपरेशन टीम में शामिल अधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया जाएगा.

APEM LIVE

## बड़कागांव में मनाया जा रहा है चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल लोग

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय चाइल्डलाइन 1098 एवं जन सेवा परिषद के संयुक्त तत्वधान में चाइल्ड सब सेंटर बड़कागांव द्वारा बड़कागांव प्रखंड में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक चाइल्डलाइन से दोस्ती कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें प्रखंड के अलग–अलग जगहों पर चाइल्ड लाइन के सदस्यगण पहुंचकर लोगों के बीच चाइल्डलाइन रिस्ट बैंड बांधकर एवं चाइल्डलाइन का पर्चा बा. ंटकर लोगों के साथ चाइल्ड लाइन दोस्ती अभियान चला रहे हैं। तथा जागरूकता के लिए अ०टो एवं साउंड सिस्टम के माध्यम से पूरे प्रखंड में घूम घूम कर लोगों को चाइल्ड लाइन नंबर 1098 की जानकारी दे रहे हैं। इसके संबंध में चाइल्ड लाइन के टीम लीडर श्री रंजीत कुमार चौबे के द्वारा यह जानकारी दी गई कि पूरे भारतवर्ष में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान चलाया जाता है। चाइल्डलाइन का मुख्य उद्देश्य 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की देखरेख एवं सुरक्षा है। जैसे कि कोई बच्चा बीमार और अकेला हो ,कोई बच्चा गुम हो गया हो, कोई बच्चा का बाल विवाह हो रहा हो, किसी बच्चे से बाल मज. दूरी करवाई जा रही हो, किसी बच्चे या बच्ची के साथ यौन शोषण किया जा रहा हो, कोई बच्चा असहाय हो जिसका देखरेख करने वाला कोई ना हो तो वैसे बच्चों के लिए चाइल्डलाइन नंबर 1098 24 घंटे उपलब्ध रहती है। इसके साथ ही रंजीत चौबे ने लोगों से अपील की कि अगर इस तरह की समस्या कहीं भी दिखे तो तुरंत फोन नंबर 1098 पर डायल करें तथा इसकी जानकारी दें। जिससे कि किसी बच्चे का भविष्य खराब ना हो और वैसे व्यक्ति जो इस तरह का कार्य बच्चों के द्वारा करवा रहे हैं उन पर उचित कानूनी कार्यवाही हो सके ।इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम में चाइल्डलाइन सब सेंटर बड़कागांव के टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे, टीम मेंबर कुलेश्वर कुमार, प्रमिला देवी, मेघनाथ महतो एवं डालू साहू का सराहनीय योगदान है।

## श्री श्री 108 विश्वकर्मा मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा भंडारे में शामिल हुवे पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम पंचायत के ग्राम सुईयाडीह में श्री श्री 108 विश्वकर्मा मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा में नो दिवसीय यज्ञ का समापन भंडारे कार्यक्रम में शामिल हुवे ।पूर्व विधायक बगोदर नागेन्द्र महतो जी मौके पर उपस्थित हुवे ।मुख्यरूप से मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष देवनाथ राणा मनोज चन्द्रवंशी प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा कैलाश पासवान, पेशम पंचायत के प्रधान शटुपलाल बर्मा मीडिया प्रभारी रंजीत राय रामधनी बर्मा मनोज पांडेय मुकेश बर्मा एवं हजरों मफ़. हलाओं की संख्या में लोग सामिल हुवे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रखण्ड मुख्यालय में जल्द हो आधार पंजिकरण केन्द्र की ब्यवस्था महेंद्र यादव

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**

**सब्बा अहमद**



बीडीओ से मुलाकात करते प्रतिनिधिमंडल

भाजपा का एक प्रति. निधिमंडल ने बिरनी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर आधार पंजीकरण कार्य चालू कराने की मांग किए बताते चलें की अभी कार्यालय में सिर्फ बच्चों का आधार पंजीकरण हो रहा है वह भी सप्ताह में एक दो दिन जिसके कारण पुरे प्रखण्ड वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है जिसकी समाधान के लिए सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र यादव के नेतृत्व में विद्युत विभाग सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, पेयजल विभाग के सांसद प्रतिनिधि सुरज कुमार मोदी, प्रमुख प्रतिनिधि मनोज सिंह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा से मिलकर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द समाधान करने की मांग किए पेयजल विभाग सांसद प्रतिनिधि सुरज मोदी ने कहा कि विभिन्न पंचायत में बहुत सारे चापाकल खराब हैं जिस कारण आम जनता को पेयजल के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है इस पर बिडीओ सुनील वर्मा ने कहा पेयजल स्वच. छता विभाग को लिखित आवेदन दें या फिर पंचायत फंड से सभी पंचायतों में चापाकल मरम्मती के लिए अतिशीघ्र निर्देश जारी करूंगा वहीं मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि वर्तमान में चल रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जनता तक जानकारी नहीं पहुंच पा रही है इसलिए पुरे प्रखण्ड स्तर पर प्रचार प्रसार करवाने की आवश्यकता है वहीं महेंद्र यादव ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग के एजीएम अपने आदत से बाज नहीं आ रहे हैं वे खाद्यान्न उठाव की स्पष्ट जानकारी नहीं देते हैं और जो रजिस्टर का फोटो भेजते हैं वह भी स्पष्ट नहीं दिखता है इस पर प्रखण्ड विकास पदाधिक. ारी ने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर ब्याप्त इन सभी समस्याओं का समाधान जल्द ही कराने की कोशिश करूंगा आप सभी को आगे से हर जानकारी को स्पष्ट रूप से देने की कोशिश की जाएगी

## माले ने तीनों काला कृषि कानून बिल वापस लेने की जीत में निकाला खुशी विजय जुलूस

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**

**सब्बा अहमद**



विजय जुलूस में शामिल माले कार्यकर्ता

बिरनी प्रखंड में आज दिन शुक्रवार को भाकपा माले बिरनी के द्वारा विजय जुलूस निकाल कर भारत के किसानों को जीत की बधाई दी गई विजय जुलूस को संबोधित करते हुए। जिला कमिटी के नेता का०मरेड रामु बैठा ने कहा कि ये सिर्फ किसानों की जीत नहीं बल्कि पूरे भारत के उनकी भी जीत है। जो देश हित मे किसानों का समर्थन कर रहे थे । आखिरकार तानाशाह मोदी सरकार को देश के संघर्षरत किसानों के सामने घुटने टेकने पड़े और जो लोग कृषि कानून के पक्ष में दलीलें दे रहे थे उनके गाल पर करारा तमाचा लगा है । मौके पर रामविलाश पासवान, मुंशी विश्वकर्मा, बालेश्वर पा. सवान, अशरेश तुरी ,राजेश विश्वकर्मा , रणधीर मंडल, सोनू राय, भरत रजक, पिंटू यादव, गोपाल पंडित, आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## विधायक अंबा प्रसाद ने ग्राम संगठन चोरका कार्यालय का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



कार्यालय उद्घाटन समारोह में शामिल विधायक अंबा प्रसाद व अन्य

सीरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम चोरका में विधायक अंबा प्रसाद ने जेएसपएलपीएस के तहत ग्राम संगठन कार्यालय चोरका का उद्घाटन फिता काटकर किया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम आजीविका सखी मंडल के सदस्यों ने भव्य तरीके से स्वागत किया।त. त्पश्चात प्रार्थना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाएं सशक्त और मजबूत हो रही है सरकार का उद्देश है कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज कई योजनाएं चलाकर महिलाओं को सरकार की ओर से विशेष तौर पर सहयोग दिया जा रहा है। वहीं आरती मंजन देवी ने बताया ग्राम संगठन में कूल 12 समूह के लगभग 130 सदस्य जुड़े हुए हैं।अब तक जेएसएलपीएस के तहत 9 समूह को पंद्रह 15000 की राशि मिली है। सखी मंडल में प्रति महिला सदस्य प्रति सप्ताह ₹10 करके जमा करती है और समूह के सदस्यों की बीच ही 1 प्रति ब्याज दर से आपस में लेनदेन करती है। मौके पर मुख्य रूप से सिरमा पंचायत मुखिया वाजिद अली,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शेख अब्दुल्लाह, संजय महतो,गंगाधर ग्राम संगठन के अध्यक्ष मोनिका देवी,सचिव मंजू देवी,कोषाध्यक्ष मीना देवी सहित कुल 12 समूह के दर्जनों महिला सदस्य उप. स्थित थे।

## अन्नदाता जीते, लोकतंत्र जीता, अहंकारी सरकार हारी : अंबा प्रसाद

### तीन काले कानूनों का वापस करवाने में कांग्रेस पार्टी का सबसे अहम योगदान : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वापस लिए गए तीन कृषि कानून को किसानों की जीत बताई है तथा इस मुहिम मे कांग्रेस पार्टी का योगदान सबसे अहम बताया है। अंबा प्रसाद ने कहा कि केंद्र की अहंकारी नरेंद्र मोदी की सरकार ने अंततः हमारे अन्नदाता किसानों के सामने घुटने टेक दिए। यह जीत किसानों की जीत है, यह जीत उन 700 से ज्यादा किसानों की जीत है जिन्होंने इन कानूनों को वापस करवाने के लिए अपने प्राण निछावर कर दिए। उन किसानों की शहादत को आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी कि किस तरह से इस देश के किसानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किसानों के हक एवं अधिकारों की रक्षा की थी।सभी किसान भाइयों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानून को वापस करवाने में देश के किसानों के साथ हमेशा खड़े रहे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। अंबा प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसान, गरीब तथा मजदूर की पार्टी है और जब जब उनको दबाने तथा उनके हक अधिकार को कुचलने का प्रयास किया गया है कांग्रेस पार्टी उनकी ढाल बनकर सबसे आगे खड़ी हुई है, उसी का यह परिणाम है कि केंद्र सरकार को तीन काला कानूनों को वापस लेना पड़ा। इन तीनों कृषि कानूनों को वापस करने के लिए राज्य स्तर पर भी कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार जन जागरण कार्यक्रम तथा रैलियां की गई थी। दिनांक 20 फरवरी 2021 को हजारीबाग के गांधी मैदान में भी विशाल महासभा की गई थी जिसमें राज्य भर के किसानों ने ट्रैक्टर रैली के माध्यम से इन तीनों कानूनों को केंद्र सरकार से वापस करवाने की हुंकार भरी थी।

## झुल रहा 440 वोल्टेज बिजली खंभा, सुध नहीं लिया गया तो हो सकता है नुकसान

**अपेम लाइव : चुरचू**

**अरविन्द टुडू**



झूल रहा बिजली का खंभा

चुरचू प्रखण्ड के चनारो पंचायत अंतर्गत ग्राम ची. चीकला के डुमरिया टोला और पंदनाटांड खुर्द के बीच, चुरचू मुख्यालय व चरही जाने वाला सड़क किनारे 440 वोल्ट केबल तार का खंभा गिरने के कागर पर है, जो लकड़ी के सहारे ठहराया गया है। बताते चलें कि अगर चूक से गिर जाता है तो बिजली तो बा. धित होगा ही साथ ही साथ जीव जंतुओं पर खतरा भी मंडरा सकता है। केबल तार के जगह खुला तार रहता तो कई जीवों को नुक्सान भी पहुंचा सकता था लेकिन केबल तार के कारण कोई खतरा नहीं हो रहा है। अगर इसी तरह 440 वोल्टेज बिजली का खंभा रहा तो कभी भी गिर सकता है और जान माल का नुक़सान भी हो सकता है।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार